सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री के०पी०सिंह देव) : (क) और (ख) दूरदर्शन के पास जशपुरनगर शहर में एक अति अल्प शक्ति टी० वी० ट्रांसमीटर स्थापित करने के लिए अनुमोदित स्कीम हैं। दिसम्बर, 1993 में स्कीम को मंजूरी दी गई थी । स्थापना कार्य प्रगति पर है और शीघ्र ही परियोजना के चालू किए जाने की आशा है । आकाशवाणी के पास जशपुरनगर शहर में आकाशवाणी रिले केन्द्र स्थापित करने का कोई प्रस्ताव नहीं है क्योंकि यह रांची स्थित 100 कि०वा० मी०वे० ट्रांसमीटर वाले प्रथम श्रेणी रेडियो कवरेज क्षेत्र के अंतर्गत आता है ।

(ग) माननीय सदस्य और कु० पुष्पा सिंह, सांसद सहित विभिन्न भागों से अनुरोध प्राप्त हुए हैं । दूरदर्शन ने उक्त प्रस्ताव पर विचार किया है और उपरोक्त (क) तथा (ख) में दिए अनुसार कार्रवाई की है । इस जिले के पर्याप्त रेडियो कवरेज को दृष्टिगत रखते हुए, आकाशवाणी ने इस प्रस्ताव को व्यावहारिक नहीं पाया है ।

Functioning of Doordarshan

4424. SHRI JAGDISH PRASAD MATHUR: Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING be pleased to state:

(a) whether Government's attention has been drawn towards a news item published in the AIR and Doordarshan Engineers' Association news bulletin of January, 1995 under the heading "Neither as IAS nor an IBPS".

(b) if so, the reaction thereto, particularly about the need of a full time Director (General) for the Doordarshan by replacement of the present acting Director General;

(c) the reasons for failure to hold DPC's for all IBES cadres; and

(d) the reasons for booking outside producers for production and other activities by the Acting Director-General?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING (SHRI K. P. SINGH DEO): (a) Yes, Sir.

(b) An Additional Secretary in the Ministry of Information and Broadcasting is holding the current charges of the post of Director General, Doordarshan in addition to his own duties and this arrangement is working satisfactorily.

(c) Holding of DPCs in various grades of IB(E)S is a continuous process and action is taken from time to time to ensure timely convening of DPCs.

(d) Doordarshan engages outside producers to encourage talent available in the country outside Doordarshan and to supplement in-house production in order to meet the enormous requirement for the extended sevices of Doordarshan.

प्रधानमंत्री द्वारा की गई विदेश यात्राएं

4425. **श्री राजनाथ सिंह:** क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) जनवरी, 1993 से अब तक की अवधि के दौरान प्रधानमंत्री द्वारा कुल कितनी और किन-किन देशों की यात्रा की गई है तथा इस संबंध में देश-वार ब्यौरा क्या है :

(ख) प्रधानमंत्री की विदेश यात्राओं में उनके साथ जाने वाले सभी प्रेस संवाददाताओं के नाम क्या-क्या हैं और वे किन-किन समाचार पत्रों का प्रतिनिधित्व करते हैं ;

(ग) प्रधानमंत्री की विदेश यात्राओं के दौरान उनके साथ जाने वाले पत्रकारों अथवा प्रेस के प्रतिनिधियों का चयन करने के लिए क्या प्रक्रिया अपनाई जाती है ; और

(घ) उपर्युक्त अवधि के दौरान प्रधान मंत्री की विदेश यात्राओं पर उनके साथ जाने वाले प्रेस के प्रतिनिधियों पर कुल कितनी धनराशि खर्च की गई है ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के०पी० सिंहदेव) : (क) सूचना संलग्न विवरण में दी गई है । (नीचे देखिए)

(ख) सूचना अनुपत्र में दी गई है । (देखिए परिशिष्ट–173 अनुपत्र सं० 89)

(ग) प्रधान मंत्री की विदेश यात्राओं में उनके साथ जाने वाले प्रेस प्रतिनधियों के चयन संबंधी मानदण्ड, भारत की विदेश नीति अभिक्रमों और विशेष रूप से इन दौरों की यथा संभव उत्कृष्ट कवरेज सुनिश्चित करना है । उन समाचार पत्रों को अधिक महत्व दिया जाता है जो नियमित रूप से अन्तर्राष्ट्रीय घटनाओं को कवर करते हैं । क्षेत्रीय भाषा के समाचार पत्रों को यथोचित प्रतिनिधित्व दिया जाता है ।

(घ) प्रधान मंत्री के साथ जाने हेतु आमंत्रित मीडिया व्यक्तियों को प्रधानमंत्री के विशेष विमान से दोनों तरफ के लिए निःशुल्क यात्रा उपलब्ध कराई जाती है । मीडिया व्यक्ति संचार सुविधाओं संबंधी व्यय सहित आवास एवं भोजन और अन्य व्यय स्वयं वहन करते हैं ।

विवरण

प्रधानमंत्री ने 1 जनवरी, 93 से अब तक की अवधि के दौरान निम्नलिखित देशों का दौरा किया है :–

1.	थाइलैंड और बंगलादेश	: अप्रैल 7–11, 1993
2.	उज्बेकिस्तान और कजाकिस्तान	: मई 23–26, 1993
3.	ओमान	: जून 14–16, 1993
4.	भूटान	: अगस्त 21–22, 1993
5.	चीन और कोरिया गणराज्य	: सितम्बर 6–11, 1993
6.	ईरान	: सितंबर 20–22, 1993
7.	स्विटजरलैण्ड और जर्मनी	: जनवरी 31–फरवरी 6, 1994
8.	यूनाइटेड किंगडम	: मार्च 13–17, 1994
9.	संयुक्त राज्य अमेरिका	: मई 14–21, 1994
10.	सोवियत संघ	: जून 29–जुलाई 2, 1994
11.	वियतनाम और सिंगापुर	: सितंबर 5–9, 1994
12.	डेनमार्क (कोपेनहेगन)	: मार्च 8–12, 1995
13.	मालदीव	: अप्रैल 15–16, 1995